प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

# डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/ /617 दिनांक: 06 मार्च, 2025

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य / केन्द्र अधिक्षक
डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्धारित समस्त
संस्थायें / नोडल परीक्षा केन्द्र / परीक्षा केन्द्र।

**विषयः ''पढ़े विश्वविद्याल / बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय'' तथा दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' एवं नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' कार्यक्रम दिनांक 07 मार्च, 2025 को आयोजित कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / अधि0छात्र क0 / 2025 / 403 दिनांक 04 मार्च, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। उक्त के क्रम अवगत कराना है कि कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या ई–1313 / 32–जी0एस / 2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 एवं पत्र संख्या ई–1314 / 32–जी0एस0 / 2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 के माध्यम से माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरण से ''पढ़े विश्वविद्याल / बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय'' तथा दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' एवं नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' कार्यक्रम दिनांक 07 मार्च, 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत ''दहेज मुक्त भारत एवं ''नशा मुक्त भारत'' के लिए प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07 मार्च, 2025 को अपरान्ह 12.15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों मे एक साथ आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**उक्त के क्रम में राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा की गई अपेक्षानुसार उक्त कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 07 मार्च, 2025 को अपरान्ह 12.15 परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में समस्त पंजीकृत परीक्षार्थियों को 10 मिनट का समय अंतराल (Break) देते हुए सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत '' दहेज मुक्त भारत एवं ''नशा मुक्त भारत'' के लिए प्रतिज्ञा दिलाने का कष्ट करें। उक्त कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरान्त परीक्षा अवधी का निर्धारित समय में 10 मिनट अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए यथाआवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय
06/03/2025
( प्रो0 राजीव कुमार )
परीक्षा नियंत्रक

संलग्नकः **यथोक्त।**

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 राजीव कुमार )
परीक्षा नियंत्रक

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
**DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY**
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/अधि0 छात्र क0/2025/403

दिनांकः 04 मार्च, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः** ''पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय''तथा ''दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' एवं ''नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को आयोजित कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः ई–1313/32–जी0एस0/2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 एवं पत्र संख्याः ई–1314/32–जी0एस0/ 2025 दिनांक 28 फरवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (पत्र संलग्न)। उपरोक्त उल्लिखित पत्रों के माध्यम से माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से ''पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय'' कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक तथा सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत ''दहेज मुक्त भारत'' एवं ''नशा मुक्त भारत'' के लिए प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12.15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा की गयी अपेक्षानुसार उक्त कार्यक्रम को आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो तथा कार्यक्रम के संबंध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या इत्यादि को उपलब्ध कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

अवगत ही हैं कि उपरोक्त कार्यक्रम के सुचारू रूप से आयोजन किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0/कुस0 का0/छात्र क0/2025/398 दिनांक 01.03.2025 एवं पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0/कुस0का0/छात्र क0/2025/402 दिनांक 03.03.2025 के माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों के निदेशक/प्राचार्य के साथ मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 03.03.2025 एवं 04.03.2025 को विस्तृत विचार–विमर्श हेतु आनलाइन बैठक आहूत की गयी।

अतः कृपया तद्नुसार अवगत होते हुए उपरोक्त कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु अपने संस्थानों के संबंधित प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन निम्नवत वेब लिंक पर कराया जाना सुनिश्चित करें।

**Weblink:** https://erp.aktu.ac.in/frmWomenDay2025Verification.aspx

संलग्नकः यथोक्त ।

भवदीय
04/03/2025
(प्रो0 राजीव कुमार)
का0 कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
का0 कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1313/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **''दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** एवं **''नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा'' दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावों में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **''दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** एवं **''नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा''** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनों शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

**संलग्नकः यथोक्त।**

## दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

***************************

## नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/02/25

# प्रारूप

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1314/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से **"पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार कृपया उक्त कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं का ध्यान रखा जायः–

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढेंगें।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।
3. पुस्तक पढने हेतु स्थान का निर्धारण कर लिया जाय।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय/महाविद्यालय अपने–अपने परिसर में आयोजित करेंगें।
4. जहॉ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाय।
5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व पुस्तक पाठन में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकः यथोक्त।

28/2/25

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

# प्रारूप

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |